16 May 2022

# International Relations

## 1. मध्य अफ्रीकी गणराज्य बना क्रिप्टोकरेंसी को अपनाने वाला दूसरा देश

**चर्चा में क्यों:**



- अल सल्वाडोर के बाद मध्य अफ्रीकी गणराज्य, बिटकॉइन क्रिप्टोकरेंसी को कानूनी निविदा के रूप में अपनाने वाला दूसरा देश बन गया है।

**प्रमुख बिंदु:**

- क्रिप्टोकरेंसी, मुद्रा का एक रूप है जो डिजिटल या वस्तुतः मौजूद होती है और यह लेन-देन को सुरक्षित करने के लिये क्रिप्टोग्राफी का उपयोग करती है।
- क्रिप्टोकरेंसी में मुद्रा जारी करने या विनियमित करने वाला कोई केंद्रीय प्राधिकरण नहीं है।
- क्रिप्टोकरेंसी ब्लॉकचेन पद्धति पर आधारित एक प्रणाली है।

**क्रिप्टोकरेंसी के लाभ:**

- क्रिप्टोकरेंसी में लेन-देन के लिये बैंक की आवश्यकता नहीं होती है, जिसके कारण यह एक तीव्र पद्धति है।
- क्रिप्टोकरेंसी की आपूर्ति सीमित है।

**स्रोत: दा हिन्दू**

## 2. अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान द्वारा जारी वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट

**चर्चा में क्यों:**




- अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (IFPRI) ने वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट जलवायु परिवर्तन और खाद्य प्रणाली जारी की है।

**प्रमुख बिंदु:**

- वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण वर्ष 2030 तक भारत में भूख का जोखिम 23% तक बढ़ सकता है।
- वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण वर्ष 2030 तक भारत का खाद्य उत्पादन 16% गिर सकता है
- अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान द्वारा जारी वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट रिपोर्ट में दर्शाया गया है की भारत का समान परिस्थितियों में समग्र खाद्य उत्पादन सूचकांक 1.6 से घटकर 1.5 रह जाएगा।

**अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (IFPRI):**

- वर्ष 1975 में स्थापित IFPRI विकासशील देशों में गरीबी को कम करने, भूख और कुपोषण को समाप्त करने हेतु अनुसंधान-आधारित नीति समाधान प्रदान करता है।
- IFPRI का उद्देश्य भूख और कुपोषण मुक्त विश्व का निर्माण करना है।

**स्रोत: दा हिन्दू**

## Important News: India

### 3. आवास एवं शहरी मंत्रालय द्वारा शुरू की गयी भारत टैप पहल

**चर्चा में क्यों:**



- आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 'प्लम्बेक्स इंडिया' प्रदर्शनी में भारत टैप पहल की शुरुआत की।

**प्रमुख बिंदु:**

- 'भारत टैप' के तहत भारत सरकार का उद्देश्य कम बहाव वाले टैप और 'फिक्स्चर' के उपयोग को बढ़ावा देना है।
- भारत टैप से भारत सरकार का लक्ष्य लगभग 40% तक पानी की खपत को कम कर जल सरंक्षण करना है।
- इस पहल के जरिये भारत में चल रही जल सरंक्षण पहल को एक नया आयाम मिलेगा।

जल संरक्षण के लिये भारत सरकार द्वारा शुरू की गयी अन्य पहल:

- स्वच्छ भारत मिशन
- अटल मिशन (AMRUT)
- राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण और प्रबंधन कार्यक्रम
- जल क्रांति अभियान
- अटल भूजल योजना
- जल शक्ति अभियान आदि।

**स्रोत: पी.आई.बी.**

## 4. अंतर्राष्ट्रीय क्रूज सम्मेलन 2022

**चर्चा में क्यों:**

- केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने मुंबई में भारत के पहले अतुल्य भारत अंतर्राष्ट्रीय क्रूज सम्मेलन 2022 का उद्घाटन किया।




**प्रमुख बिंदु:**

- पहला अतुल्य भारत अंतर्राष्ट्रीय क्रूज सम्मेलन 2022 संयुक्त रूप से बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार और फिक्की द्वारा आयोजित किया गया है।
- भारत सरकार ने क्रूज पर्यटन के विकास के लिए पर्यटन सचिव और जहाजरानी सचिव की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स का गठन किया है जिसका उद्देश्य भारत में क्रूज पर्यटन को बढ़ावा देना है।
- भारत सरकार का लक्ष्य क्रूज यात्री यातायात को वर्तमान में 0.4 मिलियन से बढ़ाकर 4 मिलियन करना है।
- भारत सरकार में क्रूज पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इसी तरह के बुनियादी ढांचे का विकास गोवा, न्यू मैंगलोर, कोच्चि, चेन्नई, विशाखापत्तनम और कोलकाता में किया जा रहा है जिसकी मदद से अधिक से अधिक यात्रियों को क्रूज पर्यटन के लिए आकर्षित करना है।

**स्रोत: पीआईबी**

# Important News: State

### 5. रामपुर में देश के पहले 'अमृत सरोवर' का उद्घाटन

**चर्चा में क्यों:**

- केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने उत्तर प्रदेश के पटवई, रामपुर में देश के पहले 'अमृत सरोवर' का उद्घाटन किया।



**प्रमुख बिंदु:**

- भविष्य के लिए जल संरक्षण की दृष्टि से, प्रधान मंत्री ने 24 अप्रैल 2022 को मिशन अमृत सरोवर नाम से एक नई पहल शुरू की है।
- अमृत सरोवर मिशन का उद्देश्य आजादी का अमृत महोत्सव के उत्सव के रूप में देश के प्रत्येक जिले में 75 जल निकायों का विकास और कायाकल्प करना है।

**अमृत सरोवर मिशन क्या है:**

- 'मिशन अमृत सरोवर' का उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले में कम से कम 75 तालाबों का "निर्माण या विकास" करना है।
- अमृत सरोवर मिशन के हिस्से के रूप में, प्रत्येक तालाब में कम से कम 1 एकड़ (0.4 हेक्टेयर) का जल-क्षेत्र होगा जिसमें लगभग 10,000 घन मीटर तक की जल धारण क्षमता होगी।
- अमृत सरोवर मिशन में शामिल लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सभी ग्रामीण जिलों को, हर जिले में कम से कम 75 तालाब, कुल मिलकर देश भर में लगभग 50,000 अमृत सरोवरों विकसित करने का निर्देश दिया गया है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

## Important Personality

### 6. त्रिपुरा के नए मुख्यमंत्री के रूप में माणिक साहा ने ली शपथ

**चर्चा में क्यों:**

- त्रिपुरा भाजपा अध्यक्ष और नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य माणिक साहा ने त्रिपुरा के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की।



**प्रमुख बिंदु:**

- निवर्तमान मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब के इस्तीफे के बाद माणिक साहा को त्रिपुरा के नए मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया।
- राज्य में 25 साल के शासन को समाप्त करने के बाद 2018 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद बिप्लब कुमार देब को त्रिपुरा का मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया था।
- मुख्यमंत्री बनने से पूर्व 31 मार्च को त्रिपुरा की एकमात्र सीट से राज्यसभा के लिए माणिक साहा का चुनाव किया गया था।

**स्रोत: दा हिन्दू**

### 7. संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन जायद अल-नाहयान का निधन

- 3 नवंबर 2004 को शेख खलीफा बिन जायद अल-नाहयान को उनके पिता की मृत्यु के बाद संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति के रूप में चुना गया था।
- लगातार कई वर्षों तक बीमारी से ग्रस्त, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन जायद अल-नाहयान का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया।



- शेख खलीफा ने नवंबर 2004 में यूएई के दूसरे राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाला था।

**स्रोत: दा हिन्दू**

# Important News: Sports

## 8. भारतीय बैडमिंटन टीम ने जीता पहली बार थॉमस कप बैडमिंटन का खिताब

**चर्चा में क्यों:**

- भारतीय टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए थॉमस कप के फाइनल मुकाबले में भारत ने इंडोनेशिया को 3-0 से मात दी।



**प्रमुख बिंदु:**

- भारतीय बैडमिंटन टीम ने 73 साल के इतिहास में पहली बार इस टूर्नामेंट को जीतने में सफलता हासिल की है।
- भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम पहले भी वर्ष 1952, 1955 और 1979 में थॉमस कप के सेमीफाइनल में पहुंची थी परन्तु थॉमस कप खिताब को हासिल नहीं कर पायी थी।
- इंडोनेशिया टीम 14 बार थॉमस कप टूर्नामेंट को जीतकर सबसे सफल टीम में से एक है।
- थॉमस कप वर्ष 1982 के बाद से प्रत्येक 2 वर्ष में एक बार आयोजित किया जाता है।
- थॉमस कप को बैडमिंटन का पुरुष टीम का वर्ल्ड कप भी जाता है।

**स्रोत: पीआईबी**